भारत सरकार
श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरमॉन्ट' शिमला- 171004
दिनांक: 30 अप्रैल, 2021

संख्या- 5/1/2021- सी.पी.आई.

प्रेस विज्ञप्ति

**औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (2016=100)- मार्च, 2021**

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केंद्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी महीने के अंतिम कार्यदिवस पर जारी किया जाता है। मार्च, 2021 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया जा रहा है।


मार्च, 2021 का अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 0.6 अंक बढ़कर 119.6 (एक सौ उन्नीस दशमलव छः) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में पिछले माह की तुलना में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि एक वर्ष पूर्व इन्हीं दो महीनों के बीच 0.61 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान ईंधन एवं प्रकाश समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को 0.40 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित किया। इस वृद्धि को विविध समूह ने 0.15 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित कर संपूरित किया। मदों में, कुकिंग गैस, पेट्रोल, पोल्ट्री चिकन, खाने का तेल, सेब, संतरा, चाय पत्ती, तैयार एवं परिष्कृत खाद्य पदार्थ, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरित मुख्यतः सब्जियों ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

केंद्र-स्तर पर जमशेदपुर एवं संगरूर केंद्रों के सूचकांक में अधिकतम 3.0 अंकों की वृद्धि रही। अन्य 4 केंद्रों में 2 से 2.9 अंक के बीच वृद्धि दर्ज की गई जिसके पश्चात 22 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक के बीच तथा 45 केंद्रों में 0 से 0.9 अंक के बीच वृद्धि रही। इसके विपरीत, डूम-डूमा तिनसुकिया में अधिकतम 3.2 अंकों की कमी दर्ज की गई। अन्य 2 केंद्रों में 2 से 2.9 अंक के बीच, दूसरे अन्य 2 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक तथा शेष 10 केंद्रों में 0 से 0.9 अंक की कमी पाई गई।


मार्च, 2021 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 4.48 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.50 प्रतिशत की तुलना में 5.64 प्रतिशत रही। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 4.64 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 6.67 प्रतिशत की तुलना में 5.36 प्रतिशत रही।

## सी.पी.आई.- आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर (सामान्य एवं खाद्य)




### अखिल-भारत समूह-वार सूचकांक: फ़रवरी एवं मार्च, 2021

| क्र. सं. | समूह | फ़रवरी, 2021 | मार्च, 2021 |
|---|---|---|---|
| I | खाद्य एवं पेय | 117.9 | 118.0 |
| II | पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ | 135.8 | 136.5 |
| III | कपड़े एवं जूते | 118.4 | 118.7 |
| IV | आवास | 115.2 | 115.2 |
| V | ईंधन एवं प्रकाश | 142.0 | 149.2 |
| VI | विविध | 117.6 | 118.1 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **119.0** | **119.6** |




सूचकांक की आगामी कड़ी अप्रैल, 2021 माह के लिए दिन सोमवार, 31 मई, 2021 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाईट *www.labourbureaunew.gov.in* पर भी उपलब्ध रहेगा।

30/4/2021

**(श्याम सिंह नेगी)**

उप महानिदेशक

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
LABOUR BUREAU

**'CLEREMONT', SHIMLA-171004**
**DATED: 30th April, 2021**

**F.No. 5/1/2021-CPI**

**Press Release**

## Consumer Price Index for Industrial Workers (2016=100) – March, 2021

The Labour Bureau, an attached office of the M/o Labour & Employment, has been compiling Consumer Price Index for Industrial Workers every month on the basis of retail prices collected from 317 markets spread over 88 industrially important centres in the country. The index is compiled for 88 centres and All-India and is released on the last working day of succeeding month. The index for the month of March, 2021 is being released in this press release.


The All-India CPI-IW for March, 2021 increased by 0.6 points and stood at 119.6 (one hundred nineteen and point six). On 1-month percentage change, it increased by 0.50 per cent with respect to previous month whereas there was a decline of 0.61 per cent between corresponding months a year ago.

The maximum upward pressure in current index came from Fuel & Light group contributing 0.40 percentage points to the total change. It was further supplemented by Miscellaneous group contributing 0.15 percentage points to the total rise. At item level, Cooking Gas, Petrol, Poultry Chicken, Edible Oils, Apple, Orange, Tea Leaf, Served & Processed Packaged Food, etc. are responsible for the rise in index. However, this increase was mostly checked by vegetables putting downward pressure on the index.

At centre level, Jamshedpur and Sangrur recorded maximum increase of 3.0 points each. Among others, 4 centres observed an increase between 2 to 2.9 points, 22 centres between 1 to 1.9 points and 45 centres between 0 to 0.9 points. On the contrary, Doom-Dooma Tinsukia recorded a maximum decrease of 3.2 points. Among others, 2 centres observed a decline between 2.0 to 2.9 points, another 2 centres between 1 to 1.9 points and remaining 10 centres between 0 to 0.9 points.

Year-on-year inflation for the month stood at 5.64 per cent compared to 4.48 per cent for the previous month and 5.50 per cent during the corresponding month of the previous year. Similarly, Food inflation stood at 5.36 per cent against 4.64 per cent of the previous month and 6.67 per cent during the corresponding month a year ago.


## Y-o-Y Inflation based on CPI-IW (Food and General)




### All-India Group-wise CPI-IW for February and March, 2021

| Sr. No. | Groups | Feb., 2021 | Mar., 2021 |
|---|---|---|---|
| I | **Food & Beverages** | 117.9 | 118.0 |
| II | **Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants** | 135.8 | 136.5 |
| III | **Clothing & Footwear** | 118.4 | 118.7 |
| IV | **Housing** | 115.2 | 115.2 |
| V | **Fuel & Light** | 142.0 | 149.2 |
| VI | **Miscellaneous** | 117.6 | 118.1 |
| | **General Index** | **119.0** | **119.6** |

### CPI-IW: Groups Indices




The next issue of CPI-IW for the month of April, 2021 will be released on Monday 31st May, 2021. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in*.

30/4/2021

**(Shyam Singh Negi)**
Deputy Director General